
# छत्तीसगढ़ में गौण खनिज खानों की ई–नीलामी में बिडिंग हेतु पंजीयन विधि


इच्छुक बोलीदार ई–नीलामी/ई–निविदा के माध्यम से उत्खननपट्टा अथवा समेकित अनुज्ञप्ति प्राप्त करने हेतु ऑनलाइन बोली लगाना चाहता है, तो उस बोलीदार को बोली में भाग लेने के लिए एम.एस.टी.सी. (भारत शासन का उपक्रम) की वेबसाइट पर जाकर स्वयं को पंजीकृत करना होगा। इसके लिए बोलीदार को Internet Explorer पर क्लिक करना होगा जिसके पश्चात् एक पेज खुलेगा। इस पेज पर Adress Bar में www.mstcecommerce.com टाईप कर इस बटन पर क्लिक करना होगा।




निम्न पेज में Minor Mineral Block मे क्लिक करें





Minor Mineral Block में क्लिक करने पर e-Auction का बॉक्स खुलेगा उसपर क्लिक करें




निम्न पेज खुलने पर माइनर मिनरल्स का चुनाव करें




इसके पश्चात् निम्न पेज खुलेगा। जिसमें Registration बटन पर क्लिक करना होगा।




अगले पेज में दो विकल्प होंगे – Register as Buyer एवं Register as Seller. बोलीदार को क्रेता के रूप में Register as Buyer पर क्लिक करना होगा।




जिसके पष्चात् निम्नलिखित **Bidder's Registration Form** पेज खुलेगा। इसमें सभी जानकारी सही भरने के पष्चात् फार्म में आगामी प्रक्रिया हेतु Preferred User Id तथा Password बनाने के लिए आपको स्वेच्छा पूर्वक स्वयं ही User Id तथा Password का MSTC को सुझाव देना होगा।




फार्म पूर्ण होने के पष्चात् Security Code हेतु केप्चा में उल्लेखित अक्षरों को अक्षरषः लिखना होगा। यदि लिखने में कोई त्रुटि होती है या उल्लेखित अक्षरों को समझने में कोई कठिनाई हो तो रिफ्रेष इमेज बटन पर क्लिक करके इस केप्चा को बदला जा सकता है।



इसके पष्चात् 'General Terms and Conditions' एवं 'Buyer Specific Terms and Conditions को पढ़ने हेतु Click here बटन पर क्लिक करके सभी Terms & Condition पढ़ने के पष्चात् दो चेक बॉक्स '☐'– पर क्लिक/चिन्हांकित '☑' कर Submit बटन पर क्लिक करना होगा।




रजिस्ट्रेषन फार्म आनलाईन सबमिट करने के पष्चात् बोलीदार को उक्त फार्म में उल्लेखित ई–मेल में MSTC से निम्न दस्तावेज जमा करने हेतु पत्र प्राप्त होगा।

i. स्व प्रमाणित आयकर PAN कार्ड/TIN। पंजीकृत कम्पनी या फर्म होने की स्थिति में फर्म का PAN कार्ड एवं यदि मालिकाना/स्वामित्वधारी/स्वत्वधारी फर्म होने की स्थिति में मालिक/स्वामी के व्यक्तिगत PAN कार्ड की आवश्यकता होगी। भागीदारी/साझेदारी फर्म होने की स्थिति में फर्म का एवं अधिकृत भागीदार (दोनो का) का PAN कार्ड जमा करना होगा।

ii. नवीनतम आयकर रिटर्न की छायाप्रति।

iii. विक्रय कर/सेल्स टैक्स पंजीयन/रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट की छायाप्रति।

iv. बिडर द्वारा उसके लेटर हेड में संपर्क हेतु व्यक्ति के हस्ताक्षर एवं बैंक के पूर्ण पते के साथ बैंक खाते की पूर्ण जानकारी आई.एफ.एस.सी. कोड सहित।

v. संपर्क हेतु व्यक्ति का PAN कार्ड।

vi. बोलीदार को एम.एस.टी.सी. द्वारा ऑनलाइन पंजीयन के पूष्टि हेतु ई–मेल के माध्यम से प्राप्त पत्र जिसमें कि क्रेता के पंजीयन संबंधी जानकारी हो।

vii. बोलीदार द्वारा वर्तमान सर्विस टैक्स/सेवा कर सहित नॉन रिफंडेबल/अप्रतिदेय रू. 1,000/– का (वर्तमान में यह रू. 1,150/- है) पंजीयन शुल्क ऑनलाइन निम्न खाते में जमा करना होगाः–

| | |
|---|---|
| Name of the Bank | IDBI Bank |
| Branch Name | K.G Marg Branch, New Delhi-110001 |
| Branch Address | Surya Kiran Building, Ground Floor, 19 K.G Marg, New Delhi-110001 |
| RTGS/NEFT/IFSC CODE | IBKL0000011 |
| Account Type | Current Account |
| Account No. | 0011102000079958 |
| Name of the Company | MSTC Limited |
| Address of the Company | JeevanVikas Building, 1st Floor, 30/31A Asaf Ali Road, New Delhi-110002. |
| MICR Code | 110259001 |

**टीप**ः– उपरोक्त ई पेमेंट का विवरण एवं अपने सम्पूर्ण जानकारी जैसे कि UTR No. Buyer No, Date of Payment आदि ई–मेल द्वारा mmb@mstcindia.co.in पर प्रेषित करना अनिवार्य है।

दूसरे एवं तीसरे क्रम में उल्लेखित दस्तावेज लागू न होने की स्थिति में संबंधित व्यक्ति द्वारा हस्ताक्षरित declaration जिसमें उपरोक्त दस्तावेज का लागू न होना लिखा हो, बोलीदार द्वारा जमा कराया जा सकता है।

बोलीदार को लॉगिन आईडी एवं पासवर्ड प्राप्त करने हेतु **'डिजिटल सिग्नेचर' (डी.एस.सी.) का सिरियल नम्बर/क्रम संख्या एवं भुगतान से संबंधित जानकारी, जैसी कि UTR No., बैंक का नाम जिसके माध्यम से भुगतान किया गया, भुगतान की तिथि एवं राशि** – ये समस्त जानकारी mmb@mstcindia.co.in को प्रेषित ईमेल में लिखना आवश्यक है।

**नोटः लॉगिन आई.डी. के एक्टिवेशन हेतु बोलीदार को उपरोक्त लेख किए गए समस्त दस्तावेज एम.एस.टी.सी. द्वारा सत्यापित कराने होंगे जो बोलीदार स्वयं एमएसटीसी के नजदीकी कार्यालय में करवा सकते है अथवा उक्त समस्त दस्तावेजों की Scanned कॉपी नीचे निर्दिष्ट ई–मेल आई.डी. में भी भेज सकते है –**


**mmb@mstcindia.co.in**

**बोलीदार को उपरोक्त समस्त दस्तावेजो को अग्रेषित करते समय पत्र के मुख्य भाग में डी.एस.सी. सिरियल नम्बर/सरल कमांक का लेख करना होगा।**

बोलीदार के लिए उक्त प्रक्रिया से संबंधित किसी भी प्रकार की सहायता, एम.एस.टी.सी. की वेबसाइट www.mstcindia.co.in पर उपलब्ध है।

जैसे ही वांछित समस्त दस्तावेज तथा पंजीयन शुल्क बोलीदार से प्राप्त हो जावेगी, एम.एस.टी.सी. बोलीदार के उक्त दस्तावेजो के जांच/सत्यापन के पश्चात् बोलीदार का लॉगिन आई.डी. सक्रिय कर देगा।

इस प्रक्रिया के पूर्ण होने के पश्चात्, बोलीदार एम.एस.टी.सी. की वेबसाइट में लॉगिन कर पाएगा।




पंजीयन पष्चात् बोलीदार छत्तीसगढ़ राज्य के किसी भी खनिज ब्लॉक में उत्खननपट्टा अथवा समेकित अनुज्ञप्ति प्राप्त करने हेतु ऑनलाइन बोली प्रक्रिया में एक वर्ष की अवधि तक भाग ले सकता है।